| **प्रश्न संख्या** | **सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि** |
|---|---|
| ****1** | **12-2-2026** |
| ****2** | **12-2-2026** |

# नत्थी 'क'

बुधवार, दिनांक 18 फरवरी, सन् 2026 ई0

---------

## अल्पसूचित प्रश्न

### जनपद-महोबा के परिवहन कार्यालय में फिटनेस करने का अधिकार ARTO को देने के सम्बन्ध में

| | | |
|---|---|---|
| श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह<br>1 | **1-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद महोबा के परिवहन कार्यालय में दिनांक 01-01-2026 से वाहनों की फिटनेस का कार्य बन्द कर दिया गया है ?<br>(ख) यदि हाँ, तो उक्त के क्या कारण हैं ?<br>(ग) क्या जनपद-महोबा में बच्चों के स्कूल बस, स्कूल वैन, (डग्गा) ई-रिक्शा एवं ट्रकों के फिटनेस न होने के कारण पूरे जनपद में अव्यवस्था की स्थिति उत्पन्न हो गयी है तथा वाहन स्वामी को बीमा कम्पनी से क्लेम भी नहीं मिल पा रहा है ?<br>(घ) क्या उक्त अव्यवस्था को देखते हुये जनपद-महोबा में फिटनेस करने का अधिकार ARTO को देने पर कार्यवाही करायेंगे ?<br>(ङ) यदि हाँ, तो कब तक फिटनेस करने का अधिकार ARTO महोबा को देकर कार्य सुचारु रूप से संचालित करायेंगे ?<br>(च) क्या उक्त समस्या का समाधान कर उसकी सूचना सदन की मेज पर रखेंगे ? | परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

### जनपद-हमीरपुर, कानपुर, महोबा, झाँसी, बांदा, फतेहपुर तथा चित्रकूट, प्रयागराज के फिटनेस सेन्टरों को बहाल कर पुनः चालू कराये जाने के सम्बन्ध में

| | | |
|---|---|---|
| श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह<br>2 | **2-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि सरकार द्वारा प्रत्येक जनपद में तीन-तीन फिटनेस सेन्टर खोले जाने के निर्देश दिये गये हैं ? | परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) |

(ख) यदि हाँ, तो क्रमशः जनपद-हमीरपुर, कानपुर, महोबा, झाँसी, बांदा, फतेहपुर तथा चित्रकूट, प्रयागराज में संचालित फिटनेस सेन्टरों को बन्द कर प्राइवेट फिटनेस सेन्टरों से सम्बद्ध करा दिये जाने के क्या कारण हैं ?

(ग) क्या उक्त जनपदों में सरकार द्वारा संचालित फिटनेस सेन्टरों को बन्द कर विभिन्न जनपदों के प्राइवेट फिटनेस सेन्टरों से सम्बद्ध किये जाने से भ्रष्टाचार का बढ़ावा/पारदर्शिता/प्रतिस्पर्धा को समाप्त किये जाने हेतु ही सम्बद्ध किया गया है ?

(घ) यदि नहीं, तो उपरोक्त जनपदों के सम्बद्ध किये गये फिटनेस सेन्टरों को बहाल कर पुनः चालू कराये जाने की कार्यवाही करायेंगे ?

(ङ) यदि हाँ, तो कब तक उक्त योजना को पुनः चालू कराकर उसकी सूचना सदन की मेज पर रखेंगे ?

-------

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| *1 | 5-2-2026 |
| *2 | 8-2-2026 |
| *3 | 9-2-2026 |
| *4 | 10-2-2026 |

**अतारांकित प्रश्न**

| प्रश्न संख्या | सरकार को भेजने/ प्राप्त होने की तिथि |
|---|---|
| 1 | 8-2-2026 |
| 2 | 8-2-2026 |
| 3 | 8-2-2026 |
| 4 | 8-2-2026 |

# नत्थी 'ख'

बुधवार, दिनांक 18 फरवरी, सन् 2026 ई0

---------

## तारांकित प्रश्न

### उत्तर प्रदेश में श्रमिकों के पंजीकरण के उपरान्त सेवायोजित करने के सम्बन्ध में

श्री आशुतोष सिन्हा 1 — श्रम एवं सेवायोजन मंत्री

*1-(क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे कि उत्तर प्रदेश में श्रमिकों के पंजीकरण की व्यवस्था है ?

(ख) क्या पंजीकृत श्रमिकों को योग्यतानुसार सेवायोजित किये जाने की योजनाएं संचालित हैं ?

(ग) यदि हां, तो वाराणसी, आजमगढ़ एवं मिर्जापुर मण्डल में कितने पंजीकृत श्रमिकों को सेवायोजित किया गया ?

(घ) क्या उक्त का सम्पूर्ण विवरण सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

### वाराणसी, मिर्जापुर और आजमगढ़ मण्डल के कारागारों के सम्बन्ध में

श्री आशुतोष सिन्हा 2 — कारागार मंत्री

*2-(क) क्या कारागार मंत्री बतायेंगे कि वाराणसी, मिर्जापुर और आजमगढ़ मण्डल में कुल कितने कारागार हैं ?

(ख) उक्त कारागारों में कैदियों को रखने की क्षमता कितनी है ?

(ग) उक्त कारागारों में कितने कैदी निरुद्ध हैं ?

(घ) क्या उक्त की सूची सदन की मेज पर रखेंगे ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री शाहनवाज खान
3

*3-[अन्तरित]

**जनपद-लखनऊ के शिक्षित छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में**

डा0 मान सिंह यादव
4

*4-(क) क्या श्रम एवं सेवायोजन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-लखनऊ के शिक्षित छात्रों को रोजगार उपलब्ध कराये जाने हेतु निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ ने अपने पत्र संख्या-469/सात/ई-8/सेवा0 सहा0/लखनऊ, दिनांक 05 दिसम्बर, 2025 के द्वारा सहायक निदेशक, क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, लखनऊ को सम्बोधित पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है ?

श्रम एवं सेवायोजन मंत्री

(ख) यदि हाँ, तो क्या उक्त छात्रों को रोजगार उपलब्ध करा दिया गया है ?

(ग) यदि नहीं, तो क्यों और कब तक उक्त छात्रों को रोजगार उपलब्ध करा दिया जायेगा ?

## अतारांकित प्रश्न

डा0 मान सिंह यादव
1

1-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा आयोजित पेट परीक्षा-दिसम्बर, 2024 से माह दिसम्बर, 2025 तक एक भी विज्ञापन नहीं जारी किया गया है ?

मुख्य मंत्री

(ख) क्या उक्त पेट-2025 के अधीन आहूत सारे अभ्यर्थी जिन्होंने पेट दिया है, परन्तु विज्ञापन न निकलने के कारण ओवर एज हो गये हैं ?

(ग) उक्त समस्या के निदान हेतु अभी तक जारी विज्ञापनों में आयु सीमा में छूट प्रदान करायेंगे ?

(घ) यदि हां, तो कब तक ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

डा0 मान सिंह यादव
2

2-(क) क्या मुख्य मंत्री बतायेंगे कि उ0प्र0 अधीनस्थ सेवा चयन बोर्ड द्वारा आयोजित की जाने वाली प्रारम्भिक अर्हता परीक्षा (P.E.T.) द्वारा आयोजित मुख्य परीक्षा में रिक्तियों की संख्या कम होने के कारण सीमित प्रतियोगी छात्र ही प्रतिभाग कर पाते हैं ?

मुख्य मंत्री

(ख) यदि इसमें कॉमन कट ऑफ आयोग द्वारा निर्धारित कर दी जाये, तो ज्यादा से ज्यादा प्रतियोगी छात्रों को लाभ मिल सकेगा ?

(ग) यदि हां, तो क्या उक्त समस्या के समाधान हेतु सरकार कॉमन कट ऑफ जारी करेगी ?

(घ) यदि हाँ, तो कब तक ?

(ङ) यदि नहीं, तो क्यों ?

श्री पवन कुमार सिंह
3

3-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर के विकास खण्ड-सिधौली के अन्तर्गत कस्बा-अटरिया से लखनऊ तक परिवहन निगम की बस सेवा पूर्व में नियमित रूप से संचालित थी, किन्तु वर्तमान में उक्त बस सेवा बन्द पड़ी है, जिसके कारण क्षेत्रवासियों को आवागमन में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है ?

(ख) यदि हां, तो उक्त समस्या के निराकरण हेतु अटरिया से लखनऊ तक बस सेवा को पुनः प्रारम्भ करवायेंगे ?

(ग) यदि हाँ, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

परिवहन राज्य मंत्री
(स्वतंत्र प्रभार)

श्री पवन कुमार सिंह
4

4-(क) क्या परिवहन मंत्री बतायेंगे कि जनपद-सीतापुर में सीतापुर से मछरेहटा-मिश्रिख तीर्थ मार्ग पर परिवहन के साधन न होने के कारण यात्रियों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है ?

(ख) यदि हाँ, तो उक्त समस्या के निराकरण हेतु जनपद मुख्यालय एवं राजधानी के लिये परिवहन निगम की बसों की व्यवस्था करवायेंगे ?

(ग) यदि हां, तो कब तक ?

(घ) यदि नहीं, तो क्यों ?

परिवहन राज्य मंत्री
(स्वतंत्र प्रभार)

---------